# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 जून 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान में प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में जयपुर में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन कब होगा?

(A) 02 अक्टूबर
(B) 25 सितंबर
(C) 10 दिसम्बर
(D) इनमें से कोई नही

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के लिए राज्य सरकार नए विभाग का गठन करेगी। प्रवासी राजस्थानियों के योगदान के सम्मान में आगामी 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन होगा।

♦जयपुर में होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल होंगे।

♦सम्मेलन में कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत सहयोग प्रदान कर रहे प्रवासी राजस्थानियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा

01. हाल ही में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा राजस्थान की प्रथम सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शुभारंभ कहां किया गया?



(a) बूंदी

(b) कोटा

(c) बारां

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ बूंदी जिला मुख्यालय से 46 किमी दूर लोहली गांव मेज नदी पर 18 जून को 52 करोड़ की राजस्थान की पहली सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया

♦परियोजना का शुभारंभ लोहली गांव, बूंदी जिला (मेज नदी पर)

♦ दिसम्बर 2017 में परियोजना का काम शुरू हुआ था जोकि 2019 में पूरा होना था

♦इस योजना से बूंदी जिले के फोलाई और गेंदोली पंचायत के 17 गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा

02. राजस्थान सरकार किस राज्य की तर्ज़ पर सरकारी जिला चिकित्सालयों में 'डायलिसिस डे केयर सेंटर' शुरू करने जा रही है?

(a) गुजरात

(b) मध्यप्रदेश

(c) पंजाब

(d) इनमें से कोई नही .

**Important Facts:**

♦राजस्थान के सरकारी अस्पतालों में गुजरात मॉडल पर सरकार अब जिला चिकित्सालयों में ऐसे 'डायलिसिस डे केयर सेंटर' शुरू करने जा रही है, जहां 10-10 बेड वाले 'हेमोडायलिसिस' वार्ड बनाए जाएंगे, जो किडनी के रोगियों के लिए संजीवनी साबित होंगे।

♦इन वार्डों में डायलिसिस की सभी आधुनिक सुविधाएं होगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने ही जिले में उपचार मिल सकेगा

♦डायलिसिस प्रक्रिया किडनी रोग से संबधित है, जिसमें व्यक्ति की किडनी फेल हो जाने पर मेडिकल साइंस में लाइफ सर्पोटिंग सिस्टम डायलिसिस पर रखा जाता है।

**03. हाल ही में किस राज्य में तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है?**

(A) उत्तरप्रदेश

(B) हरियाणा

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान सरकार ने युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने और सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य में बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा जैसे तंबाकू उत्पादों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

♦शहरी विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था जुलाई-अगस्त 2025 से लागू की जाएगी।

♦विक्रेताओं को संबंधित नगर निगम, नगर परिषद या नगर पालिका से लाइसेंस प्राप्त करना होगा, जिसके लिए वार्षिक शुल्क 1,000 रुपये तय किया गया है। पहले चरण में 10 शहरों में होगी शुरुआत

## 04. हाल ही में किसने मिस यूनिवर्स राजस्थान 2025 का खिताब जीता है?

(a) शिना पराशर

(b) अंजलि शर्मा

(c) सुष्मिता शर्मा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ग्लैमनैंड ग्रुप की ओर से आयोजित एक समारोह में शिना पराशर को मिस यूनिवर्स राजस्थान 2025 का ताज पहनाया गया।

♦यह राज्य स्तरीय फिनाले नई दिल्ली स्थित द ओपुलेंट होटल बाय फर्न्स एंड पेटल्स में आयोजित किया गया, राज्य के विभिन्न हिस्सों से चयनित प्रतिभागियों ने इस मुकाबले में हिस्सा लिया

♦शीना अब मिस यूनिवर्स इंडिया' में  राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी

♦प्रतियोगिता में अकांक्षा चौधरी को फर्स्ट रनर-अप और नव्या शेखावत को सेकंड रनर-अप घोषित किया गया,


05. साहित्य अकादमी, नई दिल्ली का वर्ष वर्ष 2025 का राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार किस जिले के भोगीलाल पाटीदार को मिला है?

(A) बीकानेर

(B) बांसवाड़ा

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही






**Important Facts:**

➥साहित्य अकादमी, नई दिल्ली का वर्ष वर्ष 2025 का राजस्थानी बाल साहित्य पुरस्कार राजस्थान के लेखक भोगीलाल पाटीदार को मिला है

♦भोगीलाल पाटीदार का संबंध राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से है

♦उनकी कृति ‘ पंखेरुव नी पीड़ा ‘ के लिए उनको इस पुरस्कार के लिए चुना गया है

♦पुरस्कारों में लेखक को 50 हजार नकद व ताम्र पत्र एक भव्य समारोह में प्रदान किया जायेगा।

06.हाल ही में राजस्थान की किस झील को रामसर साइट्स में शामिल किए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया?

(A) फतेहसागर झील उदयपुर

(B) राजसमंद झील, राजसमंद

(C) सिलीसेढ़ झील, अलवर

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦सिलीसेढ़ झील, अलवर को रामसर साइट्स में शामिल किए जाने हेतु भेजा जा चुका है प्रस्ताव

♦सिलीसेढ़ रामसर झील की श्रेणी में शामिल हो जाएगी। यहां 150 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियां देश-दुनिया से आती हैं। मछलियां भी सर्वाधिक हैं। पैरामीटर पूरे होने पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है

♦ उल्लेखनीय है कि इस झील का निर्माण एक बांध के रूप में तत्कालीन महाराजा विनय सिंह ने वर्ष 1845 में करवाया था।

♦ हाल ही में राजस्थान से शामिल दो नए स्थलों – खींचन और मेनार सहित प्रदेश की वर्तमान में चार साइट्स रामसर स्थलों में शामिल है.

07. राजस्थान में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी कहां बनाई जाएगी?

(A) आमेर

(B) बगरू

(C) अचरोल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥जयपुर अब स्पोर्ट्स एजुकेशन और ट्रेनिंग का नया केंद्र बनने जा रहा है।

♦ अचरोल क्षेत्र में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई जाएगी।

♦यह राजस्थान की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी होगी, जहां खेलों को लेकर डिग्री कोर्स, कोचिंग और रिसर्च तक की सुविधाएं मिलेंगी।

♦बगरू के बड़ी का खेड़ा में यह मल्टीपर्पज स्टेडियम बनाया जाएगा। यह संभाग स्तरीय स्टेडियम रहेगा। इसमें एसएमएस स्टेडियम की तरह सभी गेम्स के ग्राउंड तैयार किए जाएंगे।

08.केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अब प्रदेश के 9 प्रमुख शहरों की सड़कों पर कुल कितनी इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी?

(a) 4600 इलेक्ट्रिक बसें

(b) 2488 इलेक्ट्रिक

(c) 1100 इलेक्ट्रिक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अब प्रदेश के 9 प्रमुख शहरों की सड़कों पर कुल 1100 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी.

♦यह पहल "पीएम ई-ड्राइव योजना" के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य न केवल प्रदूषण को नियंत्रित करना है, बल्कि यात्रियों को आरामदायक, किफायती और स्वच्छ परिवहन विकल्प प्रदान करना भी है.

♦दरअसल, इस योजना की कमान राजस्थान रोडवेज की सहयोगी संस्था जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को दी गई है. पहले चरण में 675 इलेक्ट्रिक बसें वितरित की जाएंगी, जिनमें राजधानी जयपुर को सबसे ज्यादा 150 बसें मिलेंगी.

09. हाल ही में QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में कितने भारतीय शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है?

(a) 62

(b) 54

(c) 47

(d) बर्लिन, जर्मनी

**Important Facts:**

♦QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में रिकॉर्ड 54 भारतीय संस्थानों को शामिल किया गया है, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली देश का शीर्ष रैंक वाला संस्थान बनकर उभरा है।

♦विश्व भर के उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में IIT दिल्ली की वैश्विक रैंकिंग में पहले के 150वें स्थान से वर्तमान 123वें स्थान पर उल्लेखनीय उछाल आया है।

**10. गूगल ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपना पहला और विश्व स्तर पर चौथा सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर कहां खोला है?**

(a) जयपुर

(b) बैंगलुरू

(c) हैदराबाद

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦गूगल ने तेलंगाना में पहला एशिया-प्रशांत सुरक्षा इंजीनियरिंग केंद्र खोला

♦गूगल ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपना पहला और विश्व स्तर पर चौथा सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर हैदराबाद में खोला है।

♦तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने औपचारिक रूप से इस सुविधा का उद्घाटन किया।

♦गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर (GSEC) का शुभारंभदिल्ली में तकनीकी दिग्गज के "भारत के AI-नेतृत्व वाले परिवर्तन के लिए सुरक्षा चार्टर" के अनावरण के बाद हुआ है।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में साहित्य अकादमी द्वारा राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2025 के लिए किसे चुना गया है?**

(a) राजीव शर्मा

(b) पूनम चंद गोदारा

(c) सवाई सिंह गहलोत

(d) इनमें से कोई नही .

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine